卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 260 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦1 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विपक्ष का संसद में फिर हंगामा

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने हंगामा करते हुए सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। वहीं, राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और स्पीकर जगदीप धनखड़ के बीच बहस हो गई। राज्य सभा सदन में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि आपने हमारी कई सरकारों को तोड़ा। आपने इंडिया गठबंधन के दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल देकर हाईकोर्ट ने कहा कि प्राइमाफेशिया सबूत नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री छूटकर आए, आपने फिर से डाला। आपके पास कई तरीके हैं सताने के। आप हमारी 10 साल की सरकार को गाली देते थे। मोदी साहब कहते थे खिचड़ी सरकार है। देश की छवि खराब हुई। कहते थे मिलीजुली सरकारों ने 30 साल खराब किए। अब जनता ने आपको गठबंधन की सरकार पर ला दिया है। अब एनडीए की सरकार बोल रहे हो, बीजेपी की सरकार भी नहीं बोलते थे। कहते थे ये मोदी की सरकार। पीएम ने ढेरों सभाओं में कहा- 10 साल (शेष पृष्ठ सात पर)



## एक राज्य एक पंचायत चुनाव के लिए गरजे पंचायत प्रतिनिधि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राज्य में एक राज्य एक पंचायत चुनाव लागू करने की मांग को लेकर किया प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए। जिसमें कहा गया है



कि उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024- 25 में किया जाना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की पहल के बाद पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने एक देश एक चुनाव पर अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## निलंबित थानाध्यक्ष के खिलाफ युंकाइयों का प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निलम्बित थाना प्रभारी पंतनगर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर युकांइयो ने भी मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के साथ एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि थाना प्रभारी पंतनगर राजेन्द्र सिंह ढांगी के अश्लील ऑडियो प्रकरण में हुये निलम्बन के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक के विरूद्ध मात्र निलबन की कार्यवाही ही की गयी है। जबकि प्रकरण में स्पष्ट है कि उक्त अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर महिला के साथ अश्लील हरकत की गयी है। जो कि कानून का उल्लघंन के साथ साथ मानवधिकार का हनन भी है। जिले में कानूनी व्यवस्था काफी चुनौतीपूर्ण हो गयी है। इस प्रकार की घटना से सामान्य जनता का पुलिस प्रशासन से विश्वास कम हो गया है तथा सुरक्षा में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ गया है। इस घटनाक्रम में (शेष पृष्ठ सात पर)



## पुलिस के खिलाफ हिंदू संगठनों का हल्ला बोल

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने भवानीगंज चौक पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि न्यायालय के आदेश के तहत धार्मिक इमारतों पर लाउडस्पीकर हटाने के आदेश दिए गए थे तथा इस मामले में उनके द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी को पूर्व में ज्ञापन भी दिया गया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाते हुए केवल मंदिरों से लाउडस्पीकर हटाने की कार्रवाई करते हुए भेदभाव की कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं कराया जा रहा है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र विशेष समुदाय की इमारतों से यदि लाउडस्पीकर नहीं हटाए गए तो पूरे प्रदेश में ऊपर आंदोलन किया जाएगा।।



## व्यापार मंडल को कठपुतली बनाना चाहते हैं विधायक: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने यहां अपने कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में करते हुए वर्तमान विधायक को नसीहत दी कि नगर व्यापार मंडल चुनाव में हस्तक्षेप न करते हुए नगर व्यापार मंडल का चुनाव व्यापारियों की एकता व अंखंडता के लिए संपन्न होने दें। उन्होंने कहा कि निवर्तमान व्यापारी नेताओं ने एवं एक दर्जन व्यापारियों ने उनको ज्ञापन सौंप कर कहा है कि चुनाव समिति द्वारा अभी तक मतदाता सूची प्रत्याशियों को उपलब्ध नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि किच्छा का चुनाव कथित चुनाव बन गया है जिसमें ऐसे 1800 लोगों को व्यापारी बना दिया गया है जो कि व्यापारी हैं ही नहीं। उन्होंने कहा कि वास्तविक व्यापारियों को ही व्यापार मंडल के सदस्यता दी जाए। व्यापारियों में संशय उत्तपन्न हो गया है कि इतनी तादाद में व्यापारी कहां से आ गए। उन्होंने कहा कि वे चुनाव का विरोध नहीं कर रहे हैं। चुनाव में पारदर्शिता अपनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक अपने रिश्तेदारों के माध्यम से नगर व्यापार मंडल कठपुतली रूप में अध्यक्ष को विराजमान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह भी 10 वर्षों तक इच्छा नगर के विधायक रहे किंतु उन्होंने कभी नगर व्यापार मंडल के चुनाव में हस्तक्षेप नहीं किया किंतु वर्तमान में व्यापारियों द्वारा वर्तमान विधायक पर नगर व्यापार मंडल के चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान (शेष पृष्ठ सात पर)



## राज्य कर कर्मचारियों ने दो घंटे किया कार्य बहिष्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य कर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में पद कटौती के विरोध में राज्य कर कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी आन्दोलन आज भी जारी रखा। राज्य कर अधिकारी सवर्ग के पदों की कटौती किए जाने के विरोध में उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन एवं राज्य कर वैयक्तिक सहायक / वैयक्तिक अधिकारी सेवा संघ के सभी कर्मचारियों द्वारा आज प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक राज्य कर भवन के प्रवेश द्वार पर धरना प्रदर्शन करते हुये राज्य (शेष पृष्ठ सात पर)



# उत्तराखंड में 'निकाय चुनाव' का रास्ता साफ

**धामी सरकार ने स्वीकार की एकल आयोग की सिफारिश,नगर निकाय एक्ट में संशोधन को भी सरकार की मंजूरी, नियमावली में संशोधन की कवायद आरंभ,अगले 15 दिनों में साफ हो सकती है निकायों में आरक्षण की स्थिति**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड में ओबीसी आरक्षण के पचड़े में फंसे निकाय चुनाव का रास्ता अब तकरीबन साफ हो चला है ।ज्ञात हो की सूबे के नगर निकाय चुनाव की दिशा में अहम कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने नगर निकाय ऐक्ट में संशोधन करना मंजूर कर लिया है और इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहरी विकास विभाग के प्रस्ताव को विचलन से मंजूरी भी प्रदान कर दी है इसके साथ ही प्रदेश सरकार के पास अब एकल सदस्यीय आयोग की संस्तुति के क्रम में निकायवार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की संवैधानिक शक्ति भी आ गई है। समझा जा रहा है कि एकल आयोग की सिफारिशों को स्वीकारने के बाद अब सरकार आगामी 15 दिन के भीतर ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे देगी। उसके बाद ही नगर निकाय में ओबीसी आरक्षण की असल तस्वीर साफ हो सकेगी। निकाय एक्ट में ओबीसी आरक्षण में संशोधन की राजपत्रित अधिसूचना जारी होने के बाद अब उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम) की नियमावली में संशोधन की कवायद आरंभ की जा चुकी है तथा इस क्रम में अब शीघ्र ही जिलाधिकारी के स्तर पर आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे । इस प्रक्रिया के उपरांत राज्य निर्वाचन आयोग की भूमिका शुरू हो जाएगी। काबिले गौर है कि एक्ट में संशोधन से निकायों में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा, साथ ही एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की सिफारिशों के अनुपालन में सभी नगर निकायों में मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन, पालिकाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष से लेकर पार्षद, सभासद, वार्ड मेंबर तक की सीटों में इजाफा हो सकता है। हासिल जानकारी के मुताबिक, नगर निगमों में मेयर का आरक्षण 14 से बढ़कर 18.05 प्रतिशत, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 28.10 और नगर पंचायतों में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 38.97 प्रतिशत हो सकता है ,लेकिन कुल सीटों के मुकाबले आरक्षित सीटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक किसी भी सूरत में नहीं होगी। बताना होगा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण की एकरूपता होने के कारण चार व पांच प्रतिशत ओबीसी आबादी वाले निकायों में भी 14 फीसदी तक आरक्षण था । एकल समर्पित आयोग की सिफारिश पर एक्ट में हुए संशोधन के बाद अब जिन सीटों पर ओबीसी आबादी अधिक होगी, उन्हीं सीटों को ओबीसी आरक्षण के दायरे में रखा जाएगा,लेकिन यह 50 प्रतिशत से अधिक कतई नहीं हो सकेगा।



# वाहन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन




बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में अचानक एक बोलेरो वाहन की छत में एक वाहन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।पहाड़ को शांत वादियों कि घाटी कहा जाता है, पर अचानक एक घटना से सभी लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है । राजस्व पुलिस क्षेत्र चौंरा के अंतर्गत भैरूचौबट्टा गांव में शनिवार की देर शाम एक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।वाहन चालक वाहन में गाड़ी के छत में मृत अवस्था में मिला।परिजनों ने चालक की लूटपाट कर उसकी हत्या करने की आशंका जताते हुए मृतक द्वारा दो लोगों के नाम बताकर उसके साथ अनहोनी की आशंका जताई थी।परिजनों ने हत्या कर शव को उसी के जीप के कॅरियर पर लटकाकर उसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके,इसके लिए आरोपियों द्वारा साजिश रचने का आरोप लगाते हुए दो युवकों पर हत्या करने की आशंका जताते हुए नामजद्द प्राथमिकी दर्ज कराई है।परिजनों ने बताया कि मृतक ने मौत से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसमें उसने गांव के दो लोगों पर मौत का जिम्मेदार ठहरया है। राजस्व पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ हत्या व लूटपाट का मुकदमा कर लिया है।राजस्व पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत भैरूचौबट्टा गांव में शनिवार की देर शाम 33 वर्षीय बोलेरो जीप चालक मनोज कुमार पुत्र केसर राम का शव जीप के छत की छत पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर राजस्व उप निरीक्षक जगदीश परिहार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। घटना में नया मोड़ तब आया जब मृतक ने मरने से पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें गांव के ही दो लोगों पर मौत का जिम्मेदार ठहराया है। उसने वीडियो में कहा कि उन लोगों ने उसके सिर पर शीशे से वार किया है। उसकी हालत गंभीर बनी है। रविवार की सुबह मृतक की पत्नी समेत परिजन व गांव के लोग जिला अस्पताल पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम किया। मृतक के भाई प्रकाश चंद्र ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसमें उसने गांव के ही नवीन नाथ पुत्र मंगल नाथ तथा नीरज कुमार पुत्र जगत राम को भाई की हत्या का जिम्मेदार ठहरया है। तहरीर में कहा कि उन्होंनेपहले उसके साथ लूटपाट की। बाद में मारकर शव जीप की छत के कॅरियर पर लटका दिया। ताकि हत्या को आत्महत्या दिखाया जा सके।वही परिजनों ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर जिला अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया।जिसके बाद पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को मामले में जल्द जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ आईपीएस की धारा 302 तथा 392 मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच रेग्यूलर पुलिस को सौंप दी है।मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ कर मामले के खुलासे के लिए गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# सहकारी समिति कर्मियों ने काला फीता बांध दी हड़ताल की चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एक मांग पत्र व हड़ताल नोटिस जिला सहायक निबंधक सहकारिता रुद्रपुर को दिया था। जिसका अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। उधर संगठन के नैनीताल व ऊधम सिंह नगर के कर्मचारियों ने हड़ताल कार्यक्रम के अनुसार आज अपनी अपनी समितियों में बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी व सचिव शुभम त्यागी ने कहा कि विभागीय अधिकारी संगठन के मांग



पत्र का जल्द से जल्द संज्ञान ले और कर्मचारियों की समस्या का स्थाई समाधान निकाले।यदि विभाग कोई सुनवाई नहीं करता है तो कर्मचारी कल से 5 जुलाई तक विभागीय कार्यों का बहिष्कार कर केवल किसानों का कार्य करेंगे। 6 जुलाई को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन किया जाएगा। 8 जुलाई को दोनों जनपदों नैनीताल व ऊधम सिंह नगर जिले के कर्मचारी जिला सहायक निबंधक का विकास भवन कार्यालय पर घेराव व धरना देंगे। इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जाता है तो 10 जुलाई से दोनों जनपदों की सहकारी समितियों में पूर्ण रूप से ताला बंदी के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह के निधन पर शोक

काशीपुर। बार एसोसिएशन के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें । शोक सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की अवतार सिंह हमेशा युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे । शोक सभा में अध्यक्ष अवधेश चौबे, सचिव निपेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष अनूप शर्मा ,उप सचिव सूरज कुमार ,कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा ,ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल कार्यकारिणी सदस्य अमित गुप्ता, अमितेश सिसोदिया ,अर्पित सौदा, अविनाश कुमार, कामिनी श्रीवास्तव ,नरेश कुमार पाल, नरदेव सिंह सैनी अमृतपाल सिंह सहित कश्मीर सिंह इंदर सिंह,शैलेंद्र कुमार मिश्रा,उमेश जोशी,मनोज जोशी,इंदर सिंह,आलोक माथुर,गोपाल कृष्ण,अनूप झा,बी सी हरबोला, भास्कर त्यागी, नईम अहमद, आदि मौजूद थे।

# जमुना-किशन गिरी फाउंडेशन ने स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दिए 40 लाख

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विकास खंड के बमराड़ी निवासी व गुजरात के प्रमुख व्यवसायी भुवन गिरी गोस्वामी ने जनपद के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए 40 लाख रूपये जिला प्रशासन को दिए हैं। इसके लिए उन्होंने अपने माता-पिता के नाम की जमुना-किशन गिरी फाउंडेशन की प्रेरणा से यह कार्य किया है। इस राशि से विभिन्न स्थानों में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। बमराड़ी निवासी व्यवसायी भुवन गोस्वामी व उनके अनुज गोपाल गोस्वामी गुजरात के प्रमुख व्यवसायी हैं। जनपद को स्वास्थ्य सुविधा के लिए 40 लाख रूपये दान करने वाले भुवन गोस्वामी की शिक्षा बमराड़ी, रवाईखाल, वज्युला व नैनीताल से हुई। इसके बाद उन्होंने एनआईटी सूरत से एम टेक किया। सिविल इंजीनियर की पढ़ाई के बाद वे एल एंड टी कंपनी में आठ साल सेवारत रहे। इसके बाद उन्होंने अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। वर्तमान में वे पोर्ट, हाईवे, वाटर इंफ्रांस्टकचर आदि के निर्माण की प्रमुख कंपनी बीएमएस प्रोजेक्ट लि के मालिक हैं। उनके अनुज गोपाल का भी अपना व्यवसाय है। दोनों भाई अपनी माता जमुना गोस्वामी व पिता किशन गिरी से जनपद की स्वास्थ्य सुविधा पर वार्ता करते रहते हैं। कोविड काल में गोपाल गोस्वामी ने जनपद में पहला आक्सीजन प्लांट लगाया था तथा दूरस्थ गांवों के कोविड मरीजों के लिए आक्सीजन कंस्टेटर दान किए थे। इसके अलावा वे समय समय पर गरीब बच्चों की शिक्षा व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए दान करते रहते हैं। उनकी बहन रेखा गोस्वामी व उनकी मित्र नैना लोहुमी द्वारा सामाजिक कार्य के लिए गत दिनों जमुना -किशन गिरी फाउंडेशन की स्थापना की है। इधर जमुना किशन गिरी फाउंडेशन की सलाह पर जमुना एवं किशन गिरी के बड़े पुत्र व गुजरात के व्यवसायी भुवन गोस्वामी ने इस बार जनपद की स्वास्थ्य सेवा के लिए 40 लाख रूपये जिला प्रशासन को दिए हैं। जिससे जनपद में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। व्यवसायी भुवन गिरी गोस्वामी ने बताया कि पहाड़ उनका जन्मस्थान है तथा जन्मभूमि को कुछ लौटाने की प्रेरणा माता पिता से मिलती रहती है, जिस पर उन्होंने इस बार हेल्थ एटीएम लगाने का फैसला किया है। बता दें कि हेल्थ एटीएम लगाने का फैसला विगत माह जिलाधिकारी अनुराधा पाल समेत सीएमओ व जमुना गिरी गोस्वामी फाउंडेशन की अध्यक्ष रेखा गोस्वामी व उपाध्यक्ष नैना लोहुमी आदि के बीच हुई बैठक में लिया गया था।

# तीन नए फौजदारी कानून जनविरोधी: अमनदीप कौर



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाकपा(माले) ने आज से लागू होने वाले 3 नए फौजदारी कानूनों को जनविरोधी बताते हुए रोकने की मांग की है। भाकपाबी(माले) नगर सचिव अमनदीप कौर एडवोकेट ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि मोदी सरकार ने पिछले कार्यकाल में विपक्ष के सभी सांसदों को संसद से निष्कासित करने के बाद संसद में बिना चर्चा व बहस के बाद तीन जनविरोधी कानून को पास कर दिया था। दरअसल मोदीराज में बेरोजगारी, महंगाई, शोषण से तंग आकर लोग समस्याओं के समाधान हेतु सड़को पर आकर आवाज उठा रहे हैं। इन आवाजों को कुचलने के लिए सरकार ने नागरिकों के मूलभूत अधिकार जैसे बोलने, एकत्र होने, किसी के साथ जुडने, प्रदर्शन करने आदि को अपराध की श्रेणी में लाई है। इन कानूनों में यूएपीए से "आतंकवादी कृत्य" की विस्तारित परिभाषा ली गयी है। नए नामकरण के साथ आईपीसी की धारा 124 ए को कायम रखा गया है और भूख हड़ताल को भी अपराध बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में पुलिस को अनियंत्रित शक्तियां दे दी गयी हैं, जिनका देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अमनदीप ने कहा कि गिरफ्तारी के लिए बचावों का अनुपालन किए बगैर पुलिस को व्यक्तियों को निरुद्ध करने का कानूनी अधिकार दे दिया गया है। बिना अपराध सिद्ध हुए आरोप भर लगने से आरोपी की फोटो व उसकी डिजिटल पहचान थाने में लगाना अमानवीय है।उन्होंने कहा कि फौजदारी मामलों के 3.4 करोड़ मुकदमें लंबित है। उसके बीच में इन तीन कानूनों को लागू करना, दो समानांतर कानूनी व्यवस्थाएं उत्पन्न करेगा। जिससे और बैकलॉग बढ़ेगा तथा पहले से अत्याधिक बोझ झेल रहे न्यायिक तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि भारत के न्यायिक ढांचे को सुधार की अत्याधिक जरूरत है। लेकिन ये कानून और ज्यादा विसगतियां व दमनखउत्पीड़न का औजार साबित होंगे। साथ भी एडवोकेट्स और प्रशासनिक मशीनरी के समक्ष भी अध्ययन व व्याख्या के मसले पर कई चुनौतियां व मुश्किलें पैदा होंगी। इसलिए इस कानून को रोका जाना जरूरी है। इसके लिए वकीलों के संगठन ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका भी दाखिल की है और पार्टी के सांसदों कॉमरेड राजा राम सिंह व सुदामा प्रसाद ने भी राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया है।

# मॉब लिंचिंग के मामलों में अब आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान

काशीपुर। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने नए कानून के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होगी तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 167 धाराएं होगी । पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है राजद्रोह की जगह देशद्रोह का अपराध होगा। मॉब लिंचिंग के अपराधों में आजीवन कारावास तथा मौत की सजा का प्रावधान होगा। पीड़ित कहीं भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकेंगे । जांच की रिपोर्ट भी पीड़ित को मिल सकेगी। राज्य स्तर पर किए गए वादों में वापसी का कोई अधिकार नहीं होगा। प्रथम सूचना रिपोर्ट ,केस डायरी, तथा आरोप पत्र सभी डिजिटल होंगे । तलाशी व जब्ती की ऑडियो तथा वीडियो रिकॉर्डिंग बनेगी। गवाहों का बयान आदि की वीडियो ,ऑडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। 7 साल से अधिक सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक जांच आवश्यक होगी । छोटे अपराधों में समरी ट्रायल, पहली बार के अपराधों के ट्रायल के दौरान एक तिहाई सजा काटने पर जमानत मिलने का प्रावधान होगा। भारतीय न्याय संहिता में धारा 302 की जगह 101 ,307 की जगह 109 ,376 की जगह 63, 399 की जगह 356 ,420 की जगह 316 आदि धाराएं होगी । इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी एडवोकेट ,सैयद आसिफ अली एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट ,अमृतपाल सिंह एडवोकेट ,नवजोत सिंह एडवोकेट, रईस अहमद एडवोकेट, सैयद इफरा एडवोकेट, निम्मी एडवोकेट आदिअधिवक्ता उपस्थित थे।



# गोष्ठी में न्याय संहिता के नियमों की दी जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय न्याय संहिता के नियमों के लागू होने के उपलक्ष में कोतवाली किच्छा में आम नागरिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आईपीसी की धाराओं को बदलकर बी एन एस किए जाने के संबंध में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से पूरे देश में आईपीसी की कई धाराओं में बदलाव किया है जिसकी जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा प्रत्येक थाने कोतवाली में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है ।कोतवाली किच्छा में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान द्वारा उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया कि भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा जिसमें विभिन्न ध



ाराओं को बदलकर नए रूप में पेश किया गया है तथा आईपीसी की कई धाराओं में बदलाव करके जहां आम जनता को राहत दी गई है वहीं कुछ धाराओं में बदलाव करके खड़े नियमों का पालन भी करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब न्याय संगीता का पाठ्यक्रम शिक्षा में भी जोड़ दिया जाएगा जिससे प्रत्येक नागरिक को न्याय संगीता की जानकारी मिल सकेगी तथा भारतीय न्याय संगीता के विषय में ज्ञान प्राप्त होगा उन्होंने यह भी कहा कि नए नियमों के आने से जहां लोगों को उत्पीड़न से राहत मिलेगी वहीं आम नागरिकों को सुरक्षा भी प्राप्त होगी बैठक का संचालन करते हुए धीरेंद्र पंत ने कहा कि जब वह शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तब उनको भारतीय न्याय प्रणाली के बारे में उतना ज्ञान नहीं था जितना कि अब नए नियमों के लागू होने पर शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्कूल के छात्राओं सहित आम नागरिकों को भी उपलब्ध कराया जाएगा बैठक में क्षेत्राधिकारर बहादुर सिंह चौहान के अलावा को कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ,नि वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा , निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला,व्यापारी नेता गुलशन सिंधी सहित तमाम लोगों ने अपना अपना संबोधन करते हुए उपस्थित नागरिकों तथा क्षेत्र की जनता से नए नियमों की जानकारी हासिल करते हुए नियमों के पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से की वर्तमान सभासद लियाकत अंसारी, देवेंद्र सिंह विर्क, देवेंद्र शर्मा, त्रिवेणी सहाय गंगवार, अरुण तनेजा, अब्दुल रशीद जग्गू, देवेंद्र शर्मा, जगरूप सिंह गोल्डी, पूर्व सभासद कलावती, नासिर खान, पूरन भट्ट, पूरन भट्ट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फर्जी स्टडी वीजा देकर युवक से लाखों रूपये ठगे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर फर्म संचालकों ने किच्छा के युवक से नौ लाख रुपये की ठगी कर दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में ग्राम मलसी थाना किच्छा निवासी अवतार सिंह ने बताया कि उसकी एक फर्म के संचालक गौरव कुमार और बलराज सिंह पहचान है। उन्होंने बताया कि वे स्टडी और वर्क वीजा पर लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में दोनों ने उसे नौ लाख रुपये खर्च पर स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भिजवाने का आश्वासन दिया। इस पर उसने फर्म के ऑफिस में 6.30 लाख रुपये नगद दिए। 20 जुलाई 2022 को 1,96,200 रुपये माता जसवीर कौर के खाते से ट्रांसफर किए। आरोपियों ने इंश्योरेंस के नाम पर 74,171 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। अवतार सिंह का कहना है कि 20 जनवरी 2023 को आरोपियों से इंग्लैंड का स्टडी वीजा लेकर वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां एयरपोर्ट अथॉरिटी और एंबेसी के कर्मचारियों ने वीजा को फर्जी बताते हुए उसे वापस भेज दिया। उसने आरोपियों से रकम वापस मांगी तो उन्होंने गालीगलौज कर उसे निकाल दिया। दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। बीती 18 दिसंबर को उसने थाने और 22 दिसंबर को एसएसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पध्दति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# ठुकराल ने किया नये प्रतिष्ठान का शुभारम्भ

रूद्रपुर ।ट्रांजिट कैम्प नारायण कालोनी वार्ड नंबर 2 में गंगवार किराना स्टोर का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,समाजसेवी संजय ठुकराल व समाजसेवी रामकुमार गुप्ता ने विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार



ठुकराल का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अनंत रामपाल,महेश गंगवार,मोहनलाल गंगवार ,अजय नारायण,विपिन राजपूत ,अर्जुन गंगवार ,गोपालचंद्र डे ,सुमित गंगवार ,रवि सिंह ,हरपाल गंगवार, मोहन लाल गंगवार, सनी जौहरी,अजय नारायण,विशाल मेहरा,बंटी कोली सहित नागरिक उपस्थित थे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# 25 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा।नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस टीम ने अल्टो कार में 25 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ले जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत अल्मोड़ा कोतवाल जगदीश चन्द्र देउपा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोधिया बैरियर के पास अल्मोड़ा की ओर से आ रही अल्टो कार संख्या यूके 04टीए 3071 को रोक कर चैक किया तो कार में 10पेटी मैकडावेल, 5 पेटी ब्लैन्डर प्राइड, 5 पेटी रॉयल स्टैग अवैध अंग्रेजी



शराब व 5 पेटी बियर कुल 25 पेटिया बरामद की गयी। जिस पर पुलिस ने चालक राम सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी चौमू अल्मोड़ा को गिरफ्तार किया गया। शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया। सम्बंधि तधाराओं में आरोपी के खिलाफ केस पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में एएसआई त्रिभुवन सिंह, कांस्टेबल सुंदर लाल, कांस्टेबल हरदीप सिंह विक्रम सिंह आदि भी शामिल थे।

# ऋणधारकों के 1.33 लाख समेटकर फाईनेंस कंपनी कर्मी फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक फाईनेंस कम्पनी का कर्मी ऋण धारकों द्वारा जमा कराये 1.33 लाख रूपये लेकर फरार हो गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में रवि कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह, आशीर्वाद माइको फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी, रुद्रपुर ने अमित कुमार शर्मा पुत्र अनिवा शर्मा निवासी ग्राम नगवा थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आशीर्वाद माईको फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी का रजिस्टर्ड ऑफिस चेन्नई में स्थित है। जिसकी शाखा कार्यालय वसुन्धरा ग्रीन, रूद्रपुर में स्थित है। कम्पनी व्यक्तिगत व ग्रुप लोन देती है तथा ऋण धनराशि सम्बन्धित ऋण धारकों से निश्चित समय पर किस्तों के रूप में धनराशि प्राप्त करती है। अमित कुमार शर्मा को शाखा कार्यालय से सम्बन्धित ऋण धारकों से प्राप्त की गयी धनराशि की किश्तों को शाखा कार्यालय में जमा करने का उत्तरदायित्त्व भी दिया गया था। कम्पनी द्वारा 39 ऋण धारकों को ऋण आवंटित किया गया। उक्त ऋण धारकों द्वारा अमित कुमार शर्मा को 06 अप्रैल 2022 से जून 2023 तक दिये गये ऋणों की किस्तों की धनराशि मध्ये 1,81,810 रुपये अदा किया गया है। अमित कुमार शर्मा द्वारा 48,760 रुपये जमा किये गये तथा शेष धनराशि हड़प ली गयी। 23.06.2023 को बिना सूचना दिये एवं अवकाश स्वीकृत बताये बिना एक लाख तेतीस हजार पचास रुपये की धनराशि को अपने कब्जे में लेकर चला गया। एवं उक्त धनराशि हड़प ली। जिस कारण कम्पनी एवं कम्पनी के ऋण धारकों को आर्थिक व मानसिक क्षति की प्रताड़ना को झेलना पड़ा। शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समाजसेवी सूरज देवनाथ ने 10 हजार पेड़ लगाने का लिया संकल्प

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म नगर पंचायत क्षेत्र के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता समर देवनाथ के पुत्र समाजसेवी सूरज देवनाथ ने नगर पंचायत क्षेत्र सहित सम्पूर्ण शक्तिफार्म मे 10 हजार छायादार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जिसके तहत शनिवार,रविवार को उनके द्वारा लगभग 2 हजार नीम के पौधे लगाये गये। सूरज की पहल से अन्य युवा भी अभियान में अपना योगदान दे रहे है। सूरज देवनाथ ने कोरोना काल मे भी जान जोखिम मे डालकर सिर्फ शक्तिफार्म ही नही सितारगंज, सिडकुल के जरूरत मंदो की सहायता की थी। सूरज ने बताया कि



जनता कि सेवा कर उनको परम सुख की अनुभूति होती है,और जब भी मौके मिलेगा समाज के लिए कुछ करने का तो पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। जीवन के अंतिम सांस तक समाजसेवा मे लगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बहुत जल्द असहाय,निर्धनों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा,जिसमे आवश्यक सामग्री का वितरण किया जायेगा। सूरज ने कई निर्धनों का इलाज अपने पैसो से निस्वार्थ कराया। इस मौके पर पेड़ लगाने मे सहयोग करने वालो मे प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल शक्तिफार्म के अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,उत्तम दास, दिनेश तिवारी,राजा हालदार,विक्रम सिंह भंडारी,अंकित दास,मोहित सिंह बिष्ट,गोविंद कीर्तुनिया,संतोष देवनाथ,किशोर,मनोज सुतार,विश्वजीत, मनोज विस्वास आदि लोग मौजूद थे।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

हल्द्वानी।एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिसा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसिया खातून पुत्री स्व. गुलहसन निवासी गौजाजाली ने वनभूलपुरा थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 29 जनवरी 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज से कामरान आलम पुत्र नदीम कुरैशी निवासी 37 / 5 तुफैल बाग कटोराताल काशीपुर के साथ हुआ था। शादी में उसके परिवार वालो ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। लेकिन दहेज के सामान से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे और उसे कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराली स्विफ्ट डिजायर कार देने की मांग करने लगे। जब उसने असमर्थता जताई तो उसे तलाक के लिए धमकाया जाने लगा। कुछ समय बाद उसका पति जब डयूटी पर हैदराबाद जाने लगे तो उसने भी हैदरबाद जाने के लिए कहा। पति उसे इस शर्त पर ले जाने के लिए राजी हुआ कि वह केवल चार कपड़े लेकर जाएगी। इसके बाद उसके पति ने उसके सोने और चांदी के जवर अपनी मां के पास रखवा दिए। इसके बाद उसका काशीपुर में दोस्त की शादी की बात कहकर उसे काशीपुर ले आया तो ससुरालियों ने उसे घर में नहीं रखने की बात कहते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

किराये हेतु
- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय का बीए तृतीय वर्ष एवं बीकॉम का परीक्षाफल इस वर्ष शत प्रतिशत रहा है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सतविंदर कौर ने बताया कि एमए अग्रेजी एवं एमए गृह विज्ञान की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं। साथ ही उन्होंने विशेष योग्यता भी प्राप्त की है। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं ने शिक्षा के साथ साथ जन जागरूकता के सामाजिक कार्यों में भी महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा उन्हें महाविद्यालय की सभी छात्राओं पर गर्व है। भविष्य में भी सभी अपनी प्रतिभा व अच्छे कार्यों से परिवार तथा राज्य का नाम रौशन करे यह सबके लिए उनका आर्शीवाद है।

# दूसरी के फेर में पति कर रहा मारपीट

रूद्रपुर। एक पीड़िता ने अपने पति पर दूसरी औरत के प्रेमजाल में फंसकर उसके कहने से मारपीट करने का आरोप लगाया है। ट्रांजिट कैम्प निवासी पीड़िता ने बताया कि उसका पति निजी स्कूल का बस ड्राईवर हैं और उनकी बस में सहायक के तौर पर एक महिला कार्यरत है। पति का उस महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है जब उसे इस बारे में सूचना हुई तो उसने अपने पति से बात की तब पति ने उसके साथ मार पीट करना शुरू कर दिया और उस महिला के कहने पर पति द्वारा आये दिन उसको मारा पीटा जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि कई बार उसको जान से मारने की कोशिश की गयी है। पति कहता है जब तुझे जान से मार दूंगा तभी उसको रख पाऊँगा। पीड़िता ने बताया उसके 3 छोटे बच्चे हैं। पति घर खर्च के लिए भी एक रुपये तक नहीं देते हैं और सारा पैसा ले जाकर उस महिला को दे देते हैं। पीड़िता का कहना है कि उसे तथा उसके बच्चों को उक्त महिला व पति से जान का खतरा बना हुआ है।

आवश्यकता है
रूद्रपुर में इलैक्ट्रोनिक्स शोरूम हेतु एकाउन्टेन्ट की। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता।
सम्पर्क करे–
7017228152
9837446000

# स्टॉफ की कमी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ बेहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हेमंत गोनिया समाजसेवी पूर्व प्रधानाचार्य श्री गोविन्द बल्लभ भट्ट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ का संचालन शुरू किये जाने हेतु उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ के निर्माण के बाद डेढ़ वर्ष तक अस्पताल में ताला लटके रहने पर उच्च न्यायालय नैनीताल में एक जनहित याचिका प्रस्तुत की। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने सुनवाई उपरान्त दिनांक 14.07.2023 को तीन सप्ताह के भीतर अस्पताल का संचालन शुरू करने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किये जाने हेतु सरकार को निर्देश दिये। जिसके क्रम में राज्य सरकार द्वारा 08.08.2023 को अस्पताल हेतु 24 पदों का सृजन कर उच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया। जबकि मानकों के अनुसार 30 बेड के अस्पताल हेतु प्रथम चरण में 27 कार्मिकों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उक्त का प्रस्ताव पूर्व में मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल द्वारा सरकार को भेजा भी गया था। परन्तु सरकार द्वारा मानकों के विरूद्ध 03 पदों की कटौती कर केवल 24 पदों के सृजन हेतु राज्यपाल से स्वीकृति ले ली गयी। परन्तु स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियुक्तियों नहीं किये जाने एवं अस्पताल का संचालन प्रारम्भ न होने पर उनके द्वारा जनहित में पुनः न्यायालय की शरण लेते हुए अर्जेन्सी आवेदन किया जाता रहा। परन्तु अर्जेन्सी आवेदन में नम्बर नहीं आने पर उन्होंने समस्त ग्राम प्रधानों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र रजिस्टर डाक द्वारा उच्च न्यायालय को भेजा तो न्यायालय द्वारा तुरन्त आवेदन का संज्ञान लेते हुए दिनांक 08.12.2023 को लेकर तुरन्त 03 माह में स्वीकृत पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आदेश के 01 माह बीतने के उपरान्त भी शासन द्वारा अस्पताल का संचालन शुरू करने हेतु कोई कार्यवाही नहीं किये जाने पर जनहित में पुनः अवमानना का नोटिस दिनांक 09.02.2024 को मुख्य सचिव देहरादून, महानिदेशक देहरादून एवं जिलाधिकारी

### समाजसेवी गोनिया पहुंचे हाईकोर्ट



नैनीताल को प्रेषित किया गया। जिसके फलस्वरूप मुख्य सचिव बगोनिय, के आदेश पर दिनांक 12.02.2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी डा० सुधीर कुमार कन्याल द्वारा अस्पताल को खोलने में अहम भूमिका निभाई। परन्तु सरकार द्वारा सृजित 24 पदों के सापेक्ष मात्र 15 कार्मिकों की ही तैनाती कर दी गयी। अस्पताल में एक्सरे टैक्निशियन की नियुक्ति शासन द्वारा नहीं की गयी। जबकि 08 पद आउटसोर्स से भरे जाने थे उक्त पर वर्तमान तक नियुक्तियाँ नहीं की गयी। अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या के सापेक्ष अस्पताल में न फिजिशियन न ही सर्जन की नियुक्ति की गयी, साथ ही अन्य आवश्यक नर्सिंग एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति भी प्रशासन द्वारा नहीं की गयी। जिसके उपरान्त उन्होंने दिनांक 14.05.2024 को तहसीलदार के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को ज्ञापन भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ द्वारा भी अपने स्तर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल को आवश्यक स्टॉफ की नियुक्ति हेतु पत्र भेजा गया। लेकिन अचरज की बात है कि जनता के धन से जनता के लिए बनाये गये अस्पताल की दुर्दशा होती देखकर भी जनप्रतिनिधि एवं शासन, प्रशासन मौन है। अस्पताल के सफल संचालन हेतु स्टॉफ की नियुक्ति को लेकर न ही क्षेत्र के पूर्व एवं वर्तमान विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने स्तर से कोई प्रयास नहीं किया गया है और जनता की उपेक्षा की जा रही है। परन्तु आम जनता की समस्या और पीड़ा को देखकर और जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई प्रयास न किये जाने से दुखी होकर उनके द्वारा फिर से न्यायालय की शरण में जाने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि पूर्व में न्यायालय के हस्तक्षेप के उपरान्त ही अस्पताल के दरवाजे खुले हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भी जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है जो बेहद दुखदाई है और जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में तत्काल एक फिजिशियन, सर्जन तथा एक्सरे मशीन की व्यवस्था के साथ ही अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे तकनीशियन की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे अल्ट्रा साउण्ड की व्यवस्था होने पर प्रसव सुविधा का लाभ स्थानीय महिलाओं को मिल सकेगा। कहा कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्या के प्रति शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण मजबूर होकर उन्हें फिर न्यायालय के दरवाजे खटखटाने पड़ रहे हैं, उन्हें विश्वास है कि जनता को अब न्याय केवल माननीय उच्च न्यायालय से ही मिल पाना सम्भव है। शासन में बैठे लोग एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि केवल अपना निजी स्वार्थ सिद्ध करने में व्यस्त हैं। सरकार चिकित्सक / तकनीकी स्टाफ न होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है, प्रतीत होता है कि उन्हें जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है, जो राज्य के लिए बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है।

## 'खामोशी' लव सॉग का पोस्टर ,टीजर और म्यूजिक लॉन्च

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साज पिक्चर के बैनर तले बने लव सॉग 'खामोशी' का विधायक शिव अरोरा ने पोस्टर का फीता खोल कर लॉन्च किया। इसके बाद उन्होंने लेपटॉप पर सांग का टीजर और आल म्यूजिक प्लेटफार्म पर म्यूजिक को भी लॉन्च किया। म्यूजिक लॉन्च से पहले प्रोड्यूसर आतिश अरोरा और डायरेक्टर नाहिद खान ने विधायक शिव अरोरा को बुके देकर स्वागत किया। सॉन्ग के पोस्टर, टीजर और म्यूजिक के समय डायरेक्टर नाहिद खान, प्रोड्यूसर आतिश अरोरा के साथ ही सॉन्ग के कलाकार हिमांशु तिवारी, समीर अंसारी, ट्विंकल तनेजा भी मौजूद थे। जिन्हे विधायक द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि साज पिक्चर ने अपने इस गाने से शुरुआत की है और स्थानीय प्रतिभाओ को इसमें काम करने का मौका दिया है।



इससे क्षेत्रीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही उन्हें बॉलीवुड में जाने का अवसर भी मिलेगा। शिव अरोरा ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार फिल्मो, सीरियलों को बढ़ावा दे रही है। जिससे लोगो को यहां रोजगार के अवसर प्रदान हो रहे है और उत्तराखंड की प्रतिभाओ को काम करने का अवसर मिले। उन्होंने म्यूजिक एलबम के निर्माता आतिश अरोरा और डायरेक्टर नाहिद खान और उनकी पूरी टीम को शुभ कामनाये देते हुए कहा कि गाने को सफलता जरूर मिलेगी। साज पिक्चर के आतिश अरोरा ने सॉन्ग के टीजर पोस्टर और म्यूजिक लॉन्च पर विधायक शिव अरोरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके आर्शीवाद से बहुत जल्दी नये प्रोजेक्ट लायेंगे। हमे सभी लोगो का सहयोग मिला और पूरी टीम ने अच्छे से काम किया। साज पिक्चर के बैनर तले बने खामोशी गाने को भावेश पांडेय ने लिखा है और अपनी मधुर आवाज दी है। जबकि राजू महंता ने बहुत खूबसूरत म्यूजिक कम्पोज किया है। इसके प्रोड्यूसर प्रवीण अरोरा, आतिश अरोरा है। डायरेक्शन नाहिद खान ने किया है, क्रिएटिव डायरेक्टर संदीप सुखीजा है। सॉन्ग में अभिनय समीर अंसारी, हिमांशु तिवारी और ट्विंकल तनेजा ने किया है। इस गाने का फिलांकन और एडिटिंग साजिद अली ने की है। जबकि मीडिया कोर्डिनेटर लक्की मुंजाल है। सॉन्ग की शूटिंग लेक पैराडाइज और मेट्रोपोलिस माल के साथ ही अच्छी लोकेशन पर की गई है। यह पूरा वीडियो सॉन्ग 3 जुलाई को रिलीज होगा। इस अवसर पर मयंक कक्कड़, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, मनोज मदान, बासु गुंबर, राजेश कामरा सहित काफी लोग मोजूद थे।

## मिनी बाईपास के निर्माण से हजारों लोगों को मिलेगी राहत: फुटेला

गदरपुर। नगर पालिका के आवास विकास क्षेत्र की प्रमुख समस्या गदरपुर की मिनी बाइपास की सड़क का टेंडर होने की खुशी में वार्ड नंबर 6 में वार्ड वासियों ने



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,नैनीताल उधम सिंह नगर क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट और काशीपुर जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आभार प्रकट कर मिष्ठान वितरण किया। मिष्ठान वितरण करते हुए समाजसेवी रोबिन फुटेला ने कहा कि कई वर्ष से गूलरभोज रोड से लेकर आवास विकास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 74 राजकीय इंटर कॉलेज के सामने तक पहुंचने वाली मिनी बाईपास सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी,जिसकी मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए आवास विकास क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कई बार मांग की जा चुकी थी । वर्तमान में यह मांग पूरी होने से लोगों में हर्ष की लहर है। वार्ड वासियों ने नवीनीकरण की जाने वाली सड़क के दोनों और किए गए अतिक्रमण को हटाने और वृक्षारोपण किये जाने की मांग की। समाजसेवी रॉबिन फुटेला ने कहा कि जो पौधे एवं वृक्ष पूर्व में लगे हैं उनकी समुचित देखभाल न होने से वह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं इसके संबंध में वार्ड वासियों को ही प्रयास करना होगा । समाजसेवी कार्यकर्ता रॉबिन फुटेला ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की गति थमने नहीं दी जायेगी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना तथा सभासद मिंटू गुंबर ,परमजीत पम्मा का भी आभार जताया गया?।

## आंगनवाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेड़ा वार्ड नंबर 5 के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 5 में शकुंतला पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ती की देख रही में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य



कार्यक्रम के तहतसभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टर मानसी तिवारी एवं डॉक्टर कामरान द्वारा 126 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। इसके साथ-साथ डेंगू से बचाव हेतु बच्चों को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में सहायिका मंजू कांडपाल, ज्योति, माधुरी, पूनम, राधा, सुनीता, नगमा आदि लोग उपस्थित थे।

## टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने पर मनाया जश्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, सदस्य प्रीति आर्या के नेतृत्व में तमाम लोगों ने टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप जीतने पर तिरंगा झंडा लहराकर भारत माता की जयकारों के साथ खुशी मनाई। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य मनीष साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान के आशीर्वाद से भारतीय क्रिकेट टीम ने टी 20 वर्ल्ड कप जीतकर पूरे भारत देश को नई उमंग उत्साह के साथ खुशी से भर दिया है जिसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम के



खिलाड़ियों ने लगभग हारे हुए मैच को अपने शानदार प्रदर्शन से जीत में परिवर्तन कर दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर विजयी विश्व तिरंगा प्यारा विश्व में लहराकर क्रिकेट जगत के इतिहास में स्वर्णिम कीर्तिमान स्थापित कर भारत का नाम विश्व में रोशन किया है जो युगों युगों तक भारतीय क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का मार्ग बना रहेगा। इस शानदार ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम सहित सभी देशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं। इस दौरान हर्ष उल्लास मनाकर शुभकामनाएं देने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, महामंत्री चिरौंजी लाल ,प्रीति आर्या, समाजसेवी हेमन्त साहू, सूरज मिस्त्री, दीपक कुमार, सुशील राय, मनीष साहू, निखिल कुमार, सुशीला देवी, नवल आर्या ,रितिक साहू, रोहतास प्रजापति ,अंकित वाल्मीकि, राजवीर सिंह, करण बिष्ट, निलेश गुप्ता, अमन कुमार, सूरज कुम्हार ,मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## गदरपुर के सर्वांगीण विकास के लिए नहीं छोड़ी जायेगी कोई कसर : पाण्डे

गदरपुर। विधानसभा के जयनगर क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने बड़ी सौगात दी। बता दें रुद्रपुर में सिडकुल बनने के बाद रुद्रपुर से लगे हुए जयनगर क्षेत्र में बहुत बड़ी नई आबादी आ गई थी। क्षेत्र में रहने वालों के लिए जलभराव की एक बहुत बड़ी समस्या बन गई थी जिससे वहां के निवासियों को जूझना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर जयनगर वासियों ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे से इस समस्या का समाधान करने का निवेदन किया। क्षेत्र वासियों की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक ने लगभग 2 किलोमीटर के आसपास के दो नालों की





स्वीकृत कराई जिससे अब यह क्षेत्र पानी में नहीं डूबेगा और उनके जल निकासी हो जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार जन समस्याओं के लिए हमेशा जागरूक रहती है और उनका निदान करने के लिए पूरा प्रयास करती है उन्होंने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए और जन समस्याओं के लिए धन की भी कोई समस्या आने नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित समस्त क्षेत्रवासियों ने क्षेत्रीय विधायक का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया क्षेत्रवासियों ने उनकी इस समस्या के समाधान के लिए विधायक पांडे का कोटि-कोटि धन्यवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पीसी पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक अरविंद पांडे के प्रयासों से जयनगर वार्ड नंबर 3 और 4 में जो जल भराव की समस्या रहती थी उसके लिए विधायक अरविंद पांडे ने लगभग एक करोड़ 90 लाख स्वीकृत कराए हैं। जिससे एक नाला 860 मी एवं दूसरा 980 मीं बनाया जाएगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता सिंचाई हरिश्चंद्र, भाजपा नेता सुकोमल मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनादी रंजन मंडल, मलूक सिंह, हिमांशु सरकार, मनोहर प्रकाश सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिये झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश

काशीपुर/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए बजट की कोई कमीं नहीं है। यह बात प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा, सहकाारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्ष मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने रविवार को मंडी सभागार काशीपुर में स्वास्थ्य विभाग, राजकीय मेडिकल कालेज, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी से बैठक करने व जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ढाबे व होटल के लोगों से बैठक करें व उन्हें गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपयोग करने





हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए साथ ही उन्हें मिलेट्स का भोजन में उपयोग के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने उच्च शिक्षा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों सहित पठन-पाठन सामग्री आदि का पूर्ण प्रबंध होना चाहिए, साथ ही सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने बाजपुर व नानकमत्ता में कालेज निर्माण के लिए अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से रूचि लेने व शीघ्र भूमि चिन्हित कर डीपीआर बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से फोन पर वार्ता करते हुए बाजपुर डिग्री कॉलेज के लिए चिन्हित कि गई भूमि से कब्जा हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो विद्यालय जो मानसून काल में आपदा से प्रभावति हो सकते है वहॉ पुन: निर्माण के लिए धनराशि शासन से जल्द ही प्रेषित कर दी जायेगी। उन्होने कहा कि जिन शैक्षिक संस्थानों में छात्र संख्या अधिक है वहॉ अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए डीपीआर बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अगस्त माह तक जनपद में शत-प्रतिशत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने माननीय मंत्री को अवगत कराया कि जनपद में डाक्टर व स्टाफ की कमी है जिस पर मंत्री ने बताया कि 500 डाक्टर की नियुक्ति का अधियाचन भेजा गया है जिस पर शीघ्र ही नोटिफिकेशन आ जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के लिए 30 डाक्टर की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराये जायेगे एवं जनपद में नर्स व एएनएम के रिक्त पदों को शीघ्र भरे जायेंगे। इसके साथ ही उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में 3 यूनिट ऐसी बनाये जिसमें सभी डाक्टर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माणधीन कार्य की प्रगति की समीक्षा की साथ ही उन्होंने डा0 के0एस0 शाही को बेहतर कार्य करने के लिए सरहना करते हुए बधाई दी। बैठक में निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, पूर्व विधायक डॉ0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, प्रदेश मंत्री गुरविन्दर सिंह चन्डोक, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो0 अंजु अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल, सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिजरानी, सीतावनी और कार्बेट फाल पर्यटकों के लिए बंदु

रामनगर। कॉर्बेट पार्क का बिजरानी जोन, सीतावनी और कॉर्बेट फॉल पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। मानसून सीजन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले 15 जून को कॉर्बेट का ढिकाला जोन बंद हो चुका है। मानसून सीजन की वजह से अब कॉर्बेट पार्क के गर्जिया, बिजरानी, झिरना और ढेला जोन ही खुले हैं। बिजरानी जोन के साथ रामनगर वन प्रभाग का सीतावनी जोन, भंडारपानी को भी पर्यटकों के लिए बंद किया गया है। वहीं सीटीआर निदेशक ने बताया कि बारिश के चलते बिजरानी जोन को बंद किया गया है। इस जोन में अत्यधिक नाले होने के चलते बंद किया जाता है।

## सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टीसी द्वारा पुलिस कार्यालय में गत दिवस अपर उपनिरीक्षक राम सिंह तथा हेड कानि. दिनेश चंद्र जोशी की अधिवर्षता सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई



समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत हुए पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, उपहार भेंट व शाल ओढ़ाकर भाव भीनी विदाई दी गयी तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना करते हुए समस्त पुलिस परिवार की ओर से सेवानिवृत्ति की शुभकामनाऐं दी गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात चंद्रशेखर घोड़के, पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर मनोज कत्याल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर ओम प्रकाश शर्मा, एफ एस एसओ मोहन सिंह थापा, अपर उपनिरीक्षक नारायण दत्त जोशी, पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी/ कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच का प्रतिनिधि मण्डल सीएम से मिला

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर जगमोहन सिंह नेगी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच के सदस्यों ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखण्ड में भू-कानून, मूल निवास एवं राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण से



संबंधित विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री धीरेन्द्र प्रताप, प्रदेश महामंत्री रामलाल खण्डूरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 19 लाख की ठगी के मामले में दंपत्ति पर केस

बाजपुर(उद संवाददाता)। शेयर बाजार में इन्वेस्ट कराने के नाम पर 19 लाख रुपये की धनराशि हड़पने के मामले में पुसिल ने एसएसपी के निर्देश पर काशीपुर निवासी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लखनपुर निवासी गोविंद यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी काशीपुर निवासी एक युवक से दोस्ती हुई। युवक ने उसे बताया कि वह पत्आनी के साथ शेयर बाजार का काम करते हैं। उनकी बातों में आकर उसने भी अपना डीमेट अकाउंट खोला और ओटीपी उसे बता दिया। दोनों पति-पत्नी उसका अकाउंट चलाते रहे। स्कीम अच्छी लगने पर उसने अपने साथी रविकांत को भी आरोपी से मिला दिया। उसने और उसके साथी रविकांत ने छह लाख रुपये की नकदी आरोपी को दी। शेयर बाजार का कमीशन खाते में आने पर आधी धनराशि आरोपी ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर डलवा ली। उसके बाद आरोपी पत्नी के साथ रविकांत के घर पहुंचा और उसे अधिक मुनाफे के लिए ज्यादा रकम लागने के लिए कहा। इस पर रविकांत ने विभिन्न तिथियों में उनके खाते में राशि डाली। बताया कि उसने युवक की मुलाकात अजय, धनेश गुप्ता, मंगलदीप और नवनीत से भी कराई। इन सभी लोगों ने शेयर बाजार में काम करने के लिए कुल 19 लाख आठ हजार रुपये की धनराशि दंपती को दी। बाद में कमीशन नहीं आने पर धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो वह आरोपी युवक से मिलने काशीपुर गए लेकिन वह नहीं मिला। इस साल 23 अप्रैल को आरोपी अपनी पत्नी के साथ बाजपुर आकर रविकांत सहित अन्य लोगों से मिला। आरोपी ने सभी को जमीन के कागजात दिखाए। कहा कि अभी इतनी रकम उसके पास नहीं है। कोई एक व्यक्ति उसकी जमीन को अपने नाम करा सकता है। पड़ताल करने पर पता चला कि जमीन के कागजात फर्जी है। सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी संदीप तिवारी काशीपुर उसकी पत्नी शिल्पा तिवारी के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज कर जांच एसआई कैलाश चंद को सौंपी गई है।

## भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष अमित सक्सेना का निधन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भाजयुमो गदरपुर के पूर्व नगर अध्यक्ष अमित सक्सेना का देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। अमित मृदु भाषी एवं युवाओं में काफी लोकप्रिय थे। अमित सक्सेना भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अरविंद पाण्डे के करीबी माने जाने वाले पूर्व सभासद राजेश सक्सेना बबलू के छोटे भाई थे। अमित सक्सेना नगर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए थे। गदरपुर की छात्र राजनीति का पर्याय माना जाने वाले अमित सक्सेना छात्र संघ के चुनाव में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे। अमित राम जन्मभूमि आंदोलन में भी बेहद सक्रिय रहे । साथ ही साथ उत्तराखंड



आंदोलन में भी उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी । अमित सक्सेना शिव मंदिर राम लीला कमेटी में भी महावीर दल के अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके थे। साथ ही साथ गदरपुर छात्र युवा संघर्ष समिति द्वारा चलाए गए डिग्री कॉलेज और आईटीआई के आंदोलन में भी सूत्रधार की भूमिका में थे विभिन्न जन आंदोलन धरना प्रदर्शन अनशन में भी अमित सक्सेना की विशेष भूमिका रहती थी ।अमित लीवर संबंधित बीमारी से एक लंबे समय से पीड़ित थे। कल देर रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार गदरपुर शमशान घाट में किया गया । उससे पूर्व भाजपा पदाधिकारी ने पार्टी का ध्वज लगाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे, राजेंद्र पाल सिंह,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड,पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया,पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश भुडी, राजीव पपनेजा संजीव अरोड़ा,राजेश गुम्बर मिनी, सुभाष गुम्बर, अतुल पांडे, संतोष गुप्ता, अनादी रंजन, हिमांशु सरकार, सिद्धार्थ भुसरी, मनोज गुंबर, बृजेश, सतीश मिड्डा, रोहित सुदामा, सनी बत्रा, शैलेंद्र शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूदथे।




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अजेय विश्व विजेता

वाह, शाबाश, कमाल और करिश्मा! क्रिकेट की टीम इंडिया के लिए और कितने शब्दों का इस्तेमाल करें। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व विजेता है। यह अप्रतिम खेल-उपलब्धि है। टीम इंडिया 2007 में भी, महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में, दनादन क्रिकेट की सर्वप्रथम विश्व विजेता बनी थी। 17 लंबे सालों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष के बाद टीम इंडिया दोबारा विश्व चौम्पियन बनी है। यह आत्मविश्वास, धैर्य, जीतने के जज्बे और एकसूत्र में बंधी टीम की शानदार जीत है। देश खुशी से झूम रहा है। आंखें नम हैं और मुस्कान से भीगी भी हैं। असंख्य देशवासियों ने अनगिनत दुआएं भी दी होंगी। पूजा-पाठ भी किए गए। यह जीत अकल्पनीय, अप्रत्याशित और आशातीत नहीं है, क्योंकि टीम इंडिया कई बार जीत की दहलीज तक पहुंच कर ठिठकती और पराजित होती रही है। विश्व विजेता बनने के लिए कमाल की बल्लेबाजी, सटीक और स्विंगर गेंदबाजी, चुस्त और असंभव-सा क्षेत्ररक्षण कर टीम इंडिया ने साल-दर-साल मेहनत की है। यह बात कप्तान रोहित शर्मा ने कही है। इस बार दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर विश्व विजयी तिरंगा लहराया है, तो टीम इंडिया पराजय के जबड़े से 'अतुलनीय जीत' छीन कर लाई है। बेशक यह संकरी और रोमांचक जीत रही है। सबसे अद्भुत उपलब्धि तो यह है कि भारत के क्रिकेटर पूरे विश्व कप में 'अजेय' रहकर विश्व विजेता बने हैं। यह रोहित शर्मा के 257 रनों, सूर्यकुमार यादव के 199 विस्फोटक रनों, फाइनल मैच में मास्टर विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल की 31 गेंदों पर 47 रनों की छक्केदार पारी के साथ-साथ बुमराह की 15, अर्शदीप सिंह की 17, हार्दिक पंड्या की 11 और कुलदीप यादव की 10 विकेटों की सामूहिक जीत है। बेशक ऋषभ पंत के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। टीम इंडिया का गठन ऐसा है कि बोर्ड और चयनकर्ताओं ने भी हस्तक्षेप नहीं किया। टीम को शिद्दत से खेलने दिया गया। 2023 में एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का फाइनल हारने के बावजूद रोहित शर्मा की कप्तानी पर भरोसा किया गया। बहरहाल टीम इंडिया ऐसी इकलौती टीम है, जिसने एकदिनी विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चौंपियंस ट्रॉफी 2-2 बार जीते हैं। नतीजतन टीम इंडिया टी-20 की भी विश्व में 'नंबर वन' टीम है। एक दौर था, जब हम ऐसी 'सर्वोच्चता' की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज से 13 साल पहले 2011 में टीम इंडिया ने दूसरी बार एकदिनी क्रिकेट का विश्व खिताब जीता था। अब भारत में कपिलदेव, महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा सरीखे विश्व विजेता कप्तान हैं। अब नई, युवा पीढ़ी इस करिश्माई उपलब्धि का सिलसिला बरकरार रखेगी। चूंकि विश्व विजयी होने के तुरंत बाद विराट कोहली ने 'अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट' से संन्यास की घोषणा कर दी है और 2026 के अगले टी-20 विश्व कप तक रोहित शर्मा की उम्र भी 39साल हो जाएगी, लिहाजा नए नेतृत्व को ढूंढने और तराशने की अहम दरकार है। भारत की बल्लेबाजी विख्यात रही है। विराट नहीं चले, तो रोहित के छक्कों ने धुएं उड़ा दिए।

# अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजी गयी कई हस्तियां



काठमांडू(उद ब्यूरो)। इंडो नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव और छठे अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार संपन्न हो गया है। नेपाल चौंबर ऑफ कॉमर्स, लेडीवाइन, इंडिया और एसोसिएट ऑफ पेजेंट नेपाल द्वारा आयोजित नेपाल महिला चौंबर की प्रस्तुति का समारोह काठमांडू के रेडिसन होटल में भव्य रूप से आयोजित किया गया। नेपाल चौंबर ऑफ कॉमर्स की उपाध्यक्ष, महिला चौंबर की अध्यक्ष एवं साल्ट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी उर्मिला श्रेष्ठ की



अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री जय प्रदा एवं नेपाल, भारत, ब्रिटेन एवं अन्य देशों से आये अतिथियों ने भाग लिया। समारोह में प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा मुख्य अतिथि थीं और लोकप्रिय भारतीय अभिनेत्री जय प्रदा विशेष अतिथि थीं। समारोह में नेपाल और भारत के उच्च पदस्थ लोगों, मशहूर हस्तियों और प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ कई लोग शामिल हुए। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों के 4 दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया गया, जिन्होंने कला, साहित्य और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है और सामाजिक जीवन में ख्याति अर्जित की है। नेपाल से करीब तीन दर्जन और भारत से डेढ़ दर्जन से ज्यादा हस्तियों को पुरस्कार मिला। समारोह में नेपाल के प्रसिद्ध कलाकार गायक आनंद कार्की, गायक यम बराल ने प्रस्तुति दी, भारतीय कथक नर्तकों ने नृत्य किया और नेपाल और भारत के रैंप मॉडलों ने भी दोनों देशों की संस्कृति को दर्शाते कपड़ों के साथ रैंप शो किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डिप्टी स्पीकर राणा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नेपाल और भारत के बीच दोस्ती के रिश्ते मजबूत होंगे और दोनों देशों की संस्कृति को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी. उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के सांस्कृतिक प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आयोजन समिति को भी धन्यवाद दिया। इसी तरह बॉलीवुड एक्ट्रेस जय प्रदा को भी समारोह में सम्मानित किया गया। नेपाल चौंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश कुमार अग्रवाल और महिला चौंबर की उपाध्यक्ष श्रेष्ठा ने अभिनेत्री जयप्रदा को यह सम्मान प्रदान किया। इसी तरह खुद अभिनेत्री जयप्रदा ने नमक व्यापार निगम के अध्यक्ष प्रदीपलाल श्रेष्ठ, चेंबर की अध्यक्ष उर्मिला श्रेष्ठ आदि को सम्मानित किया। मैती नेपाल की संस्थापक अध्यक्ष अनुराधा कोइराला, फिल्म विकास बोर्ड के अध्यक्ष और अभिनेता भुवन केसी, अभिनेत्री बसुंधरा भुशाल, चौत्य देवी और भुवन चंद, कलाकार किरण केसी, राजाराम पौडेल, देविका बंदना, राजू सिंह, नारायण प्रधान और साथ ही अभिनेता सरोज खनाल, संगीतकार शंभूजीत बास्कोटा, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक भीम प्रसाद ढकाल, नेपाली सेना के सहायक राठी राजन अधिकारी, लोकप्रिय भारतीय गूगल आंटी 79, प्रिमिला हिंगोरोनी, यूके की प्रख्यात व्यवसायी सोनिया भाटिया, भारतीय प्रसिद्ध व्यक्तित्व सविता राणा भारती, प्रख्यात व्यवसायी और सामाजिक प्रचारक डॉ. इस अवसर पर टीपीएफ फैक्ट के अनुप शर्मा प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना हिमांशु द्विवेदी आकाश गुप्ता, डॉ. अर्पणा शाह, चौंबर के पदाधिकारी, पर्यटन विशेषज्ञ, सांस्कृतिक विशेषज्ञ आदि उपस्थित थे। इवेंट में एक्ट्रेस जय प्रदा ने मशहूर गाने 'डफली वाले' पर परफॉर्म किया. उनके डांस पर मौजूद दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। संचारक दिनेश डी.सी. द्वारा संचालित कार्यक्रम में आयोजक लेडीवाइन की प्रमुख पूनम कौशिक, प्रबंधक श्रुति सरल, निदेशक अंकित शर्मा, पेजेंट नेपाल के प्रमुख राज लुइटेल, आयोजक नेपाल आदि ने कार्यक्रम को सफल और अधिक ऊर्जावान बताया।

## रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत की जीत के बाद समर्थकों ने मनाया जश्न

बागेश्वर(उद संवाददाता)। टी ट्वेंटी विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने रोमांचक मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने रोमांचक मुकाबले में साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजी को अपनी गैदबाजी से अंतिम ओवरों में लक्ष्य को रोकने में सफलता दिलाते हुए विश्व कप फाइनल मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दिलाकर टी ट्वेंटी विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया, अंतिम ओवरों में करिश्माई गैदबाजी करते हुए भारत ने साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों के छक्के छुड़ा दिए।वही सात रनों से जीतकर भारत विश्व चैम्पियन बन गया। जीत के बाद भारतीय टीम के समर्थन में प्रशंशको और देशवासियों में जश्न का माहौल बन गया, प्रशंसकों ने जीत मिलते ही अपने घरों के आसपास आतिशबाजी और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत का जश्न मनाया।बागेश्वर में भी भारतीय टीम की रोमांचक जीत के बाद हर जगह जीत का जश्न और आतिशबाजी और भारत माता की जय के नारे सुनाई दिए।

# नई व्यवस्था में दंड नहीं न्याय का विधान

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। मसलन इन कानूनों की चपेट में जो भी आएगा उसे दंडित होना ही पड़ेगा। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोश भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृष्टि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून के शीर्षकों में किया गया है। न्याय शब्द ही इस अर्थ का प्रतीक है कि यदि आपसे भूलवश कोई अपराध हो भी गया है तो आप न्याय के भागीदार होंगे। अंग्रेजों के बनाए हुए दंड के विधान वाले ये कानून वास्तव में उन अंग्रेजों की सुरक्षा के लिए बनाए गए थे, जिनके विरुद्ध आम भारतीय आजादी की लड़ाई लड़ रहा था। अतएव अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे दमन और लूट को सुरक्षा देने वाले कानून 1 जुलाई 2024 से खत्म हो जाएंगे। फिरंगी हुकूमत ने कानून भारतीयों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। इसीलिए भारतीय न्याय व्यवस्था के सिलसिले में कहा जाता रहा है कि यहां न्याय नहीं निराकरण होता है। इन कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता निहित कर दी गई है। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है। प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। 164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। साफ है, पीड़ितों के साथ न्याय पर फोकस किया गया है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नए कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है। ताकि सजा का प्रतिशत 90 प्रतिशत तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम् भूमिका जताई जा रही है। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। झारखंड और अन्य कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्यवाही होती है। नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा। देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित करके 'देशद्रोह' किया है। क्योंकि अब देश स्वतंत्र हो चुका है। अतएव लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह नागरिक का अधिकार है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे थे। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर दिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत' बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब आपत्ति जनक तरीकों का सहारा लिया जाए, तब यह धारा प्रभावी हो सकती है।' तब बहस में भाजपा समेत कई दलों के सांसदों ने मौजूदा सरकार के इस रुख का समर्थन किया था। इस धारा के आतंकवाद और उग्रवाद के परिप्रेक्ष्य में चले आ रहे महत्व के चलते ही, इसे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी नहीं हटा पाए थे, जबकि वे इसे हटाए जाने के पक्ष में थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोश जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोशी पर आरोप साबित हो जाए तो उसे तीन साल के कारावास तक की सजा हो सकती है। 1962 में शीर्ष न्यायालय के सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 'केदारनाथ बनाम बिहार राज्य' प्रकरण में, राजद्रोह के संबंध में ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि 'विधि द्वारा स्थापित सरकार के विरुद्ध अव्यवस्था फैलाने या फिर कानून या व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने या फिर हिंसा को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति या मंशा हो तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।' इसी परिभाषा की परछाई में हार्दिक पटेल बनाम गुजरात राज्य से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'यदि कोई व्यक्ति अपने भाषण या कथन के मार्फत विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ हिंसा फैलाने का आवाहन करता है तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।' अदालत के इन फैसलों के अनुक्रम में किसी अन्य देश की प्रशंसा, परमाणु संयंत्रों का विरोध, राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े नहीं होना, जैसे आचरण जरूर राजद्रोह नहीं कहे जा सकते हैं, लेकिन 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार,' जैसे नारे न केवल राजद्रोह हैं, बल्कि राष्ट्रद्रोही भी है।' इस परिप्रेक्ष्य में यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। अतएव देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी षिकंजे से बचने न पाएं, इसकी व्यवस्था के प्रावधान किए गए हैं। यही कानूनी प्रावधान बृहत्तर सामाजिक हित राज्य को भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हैं। भारत के विरुद्ध सांप्रदायिक कट्टरता फैलाने और सरकार के लिए नफरत के हालात बनाने में भारत विरोधी विदेशी ताकतें सोशल मीडिया का मनचाहा एवं गलत दुरुपयोग करती हैं, इसलिए नए कानून में देश तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों पर अंकुश के लिए कठोर कानूनी प्रावधान नए कानून में हैं। अतएव स्वतंत्रता के 76 साल बाद भारतीयों को वास्तव में ऐसी प्रणाली मिल गई है, जो दंड की बजाय अधिकतम न्याय पर आधारित है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# स्वास्थ्य सेवाओं में एआई और तकनीकी का प्रयोग जरूरी : राज्यपाल





देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त अंतर को कम करने के लिए अंतर विश्लेषण (गैप एनालिस) पर राजभवन में एम्स ऋषिकेश द्वारा परिचर्चा आयोजित की गई। इस परिचर्चा में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभाग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में अंतर को कम किए जाने हेतु अपने-अपने विचार रखे जिसमें एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, प्राचार्य हिमालयन विश्व विद्यालय देहरादून प्रो. ए.के. देवराड़ी, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. मदन लाल ब्रह्मभट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि उत्तराखंड के भौगोलिक परिदृश्य के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं को पंहुचाना बेहद चुनौतीपूर्ण है इस तरह की परिचर्चा और मंथन से ही उसके समाधान निकलेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए एआई और तकनीकी का प्रयोग जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि एम्स दिल्ली में जिस प्रकार से डैशबोर्ड के माध्यम से सभी सुविधाओं की जानकारी तक लोगों की पहुंच को आसान बना दिया है राज्य में भी ऐसे अभिनव प्रयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत और अपनी कार्यबल क्षमता को बढ़ाकर अंतर विश्लेषण को कम किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, हैली एंबुलेंस जैसे प्रयास राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए हैं जिसे और अधिक व्यापक स्तर पर किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को भी पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि आज की परिचर्चा से जो निष्कर्ष निकलेगा वह हमारी स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ और आम आदमी तक उसकी पहुंच को और आसान करेगा। उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा के सुझावों को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव के साथ साझा किया जाएगा। परिचर्चा में एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद स्वास्थ्य उपकरणों और दवाइयों के लिए एकीकृत-डैशबोर्ड बनाए जाने की जरूरत बताई जिससे चिकित्सा इकाइयों में उपकरणों और दवाइयों की जानकारी उपलब्ध हो सके, जिसे जरूरत के अनुसार उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि उपकरणों के रखरखाव के लिए हर चिकित्सा इकाइयों में बायोमेडिकल इंजीनियर की नियुक्ति जरूरी है जिससे ऐसे उपकरणों की देखभाल सही से की जा सके। निदेशक एम्स ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मैन पावर को प्रशिक्षित किया जाना भी जरूरी है और सप्लाई चौन को निरंतर ठीक करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग हेतु एम्स सदैव तत्पर है। परिचर्चा में प्रार्चाय हिमालयन विश्वविद्यालय देहरादून प्रो. ए.के. देवराड़ी ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी में डॉक्टर्स की कमी की जड़ तक जाना होगा और इनकी रिक्तियों को भरने के विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे डॉक्टर्स को लोगों के बीच जाना चाहिए और उनकी समस्याओं का अनुभव कर उसके निदान खोजें जाने चाहिए। निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को इस परिचर्चा में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. मदन लाल ब्रह्मभट्ट ,अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

अल्मोड़ा।कर्नाटक खोला- रैला पाली सरकार की आली को जोडते हुए विकास भवन तक लिंक मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि उपरोक्त विषयक उनके द्वारा पूर्व प्रेषित विभिन्न ज्ञापनों/पत्रों को अवलोकन करने की बात कही है। श्री कर्नाटक ने कहा कि वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की घोषणा में कर्नाटक खोला -रैला पाली - सरकार की आली को लोअर माल रोड से जोडने हेतु यह मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया था जिसमें प्रान्तीय खण्ड अल्मोड़ा कार्यदायी संस्था बनाया गया है , साथ ही इस मोटर मार्ग का सर्वेक्षण किया जा चुका है तथा भूमि की जियोलॉजिस्ट की रिर्पोट के पश्चात् भारत सरकार द्वारा वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी निर्गत कर दिया गया है।उक्त मार्ग में आने वाले वृक्षों की छपाई का कार्य तीन वर्ष पूर्व कर लिया गया किन्तु अभी तक नाप भूमि का मुआवजा वितरित नहीं किया गया है,जिस कारण सम्भवत: सड़क निर्माण की कोई कार्यवाही आज तक प्रारम्भ नहीं हो पाई है, जिस कारण स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है।यह मोटर मार्ग लोअर माल रोड कर्नाटक खोला (राष्ट्रीय राजमार्ग) से रैला पाली (अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम) तथा सरकार की आली के निचले भाग को विकास भवन तक मिलाने का कार्य करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में आ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगी और लोगों को लगातार जाम जैसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आप द्वारा मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है, किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व मुख्यमंत्री की उक्त घोषणा के अन्तर्गत सडक निर्माण का प्रस्ताव जो कई वर्षों से लम्बित है, शासन के उच्चाधिकारियों द्वारा आपके संज्ञान में नहीं लाया गया है और इस मार्ग निर्माण की कार्यवाही को शासन में दबा दिया गया है। श्री कर्नाटक ने कहा कि विधानसभा अल्मोडा के अन्तर्गत उक्त मार्ग की आवश्यकता अल्मोड़ा एवं उसके आस-पास के गांवों के लिये अति महत्वपूर्ण है जिसे देखते हुए पूर्व में इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। श्री कर्नाटक ने मांग की कि प्राथमिकता आधार पर उक्त सम्पर्क मार्ग/सड़क की पत्रावली जो शासन में लम्बित है की प्रगति की समीक्षा करते हुए भूमि स्वामियों को भूमि का मुआवजा वितरित करते हुए निर्माण कार्य हेतु तत्काल धनराशि अवमुक्त करें तथा इस प्रकरण को आपके संज्ञान में न लाये जाने एवं पत्रावली लम्बित रखने वाले दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाय।उन्होंने कहा एक माह के भीतर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है तो मुझे जन आक्रोश को देखते हुए मुख्य अभियन्ता कार्यालय में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन/आमरण अनशन जैसे कदम उठाने को बाध्य होना पड़ेगा।

## थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा नहीं होने पर धरने की चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। कॉग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने अपने प्रतिस्ठान पर पत्रकार वार्ता करते हुए पंतनगर एस ओ प्रकरण में एस ओ के खिलाफ कार्यवाही ना होने पर धरने की चेतावनी देते हुए पुलिस पर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने बताया कि अगर इस तरह का प्रकरण किसी अन्य व्यक्ति के साथ होता तो पुलिस विभाग उसे या उसकी गैर मौजूदगी उसके परिवार के सदस्यों का भी बुरा हाल कर देती लेकिन जिला उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपनी



मनमानी कर रहे है ओर उत्तराखंड के डी जी पी के आदेशों को भी दरकिनार कर रहे हैं सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि उत्तराखंड के डी जी पी ने आदेश किया था कि पंतनगर एस ओ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज होने चाहिए लेकिन जिला उधम सिंह नगर के कप्तान उनका कहना नही मान रहे है बस एसओ को सस्पेंड करके अपना पल्ला झाड़ लिया है। सिद्धार्थ भुसरी ने बताया कि अगर तीन दिन के अंदर एस ओ के ऊपर मुकदमा दर्ज नही होता है तो गदरपुर की कोंग्रेश कमेटी तीन जुलाई को जिला मुख्यालय पर धरना प्रर्दशन करेगी।

## स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा थाने में तैनात एस आई वीरेंद्र चंद्र अपने दल बल के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुए पुलिस गोला बाईपास की पार्किंग पहुंचे जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने घेरा बंदी करते हुए। उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली।7. 88ग्राम स्मैक बरामद हुई। उस तस्कर ने अपना नाम वासिद पुत्र जान मोहम्मद निवासी जवाहर नगर बताया पकड़े गए तस्कर में बताया कि वह स्मैक बरेली किच्छा से सस्ते दामों में खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर बेचता है पुलिस को तस्कर ने यह भी बताया कि वह यह है स्मैक गोलापार मैं बेचने जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## नशे के खिलाफ पुलिस के साथ युवाओं ने लगाई दौड़

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नशामुक्त बागेश्वर बनाने को लेकर पुलिस की मुहिम जारी है। रविवार कोकोतवाली पुलिस के जवानों के साथ ही नगर के युवाओं ने भी नशे के खिलाफ दौड़ लगाई। कोतवाल कैलाश सिंह नेगी ने मैराथन दौड़ में आये युवाओं को नशा न करने की अपील की।साथ ही नशा सभी समस्याओं की जड़ है, नशा छोड़ो देश की तरक्कीके लिए अपने परिवार में नशे के विरुद्ध



अभियान चलाते हुए नशा नही करने, नशे के दुष्परिणामों, समाज एवं युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए आगे आने को कहा। किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर की सहायता लेने की अपील की। बढ़ते साइबर क्राइम पर चिंता जताई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। दौड़ में भाग ले रहे पुरुष और महिला, सीनियर और जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी व प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला ने पुरस्कृत किया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बुजुर्ग की बाइक सवार युवको के द्वारा मारी गई टक्कर से बुजुर्ग की मौत मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताते चले की ग्राम बसंतीपुर निवासी 65 वर्षीय अमर मंडल बीते सोमवार रात करीब आठ बजे अपने घर के सामने टहल रहे थे। इसी बीच एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टककर मार दी। हांदसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के आने से पहले ही बाइक सवार मौके से फरार हो गये थे। परिजन गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही बुजुर्ग की मौत के बाद ग्राम प्रधान संजीत विश्वास ने बड़ी मशक्कत के बाद पता लगाया की बाइक सवार दो युवक थे दोनो युवकों ने गांव के बाहर आते समय बुजुर्ग को टक्कर मार दी थी। वही ग्राम प्रधान तथा पीड़ित परिवार की ओर से दिनेशपुर थाने में दोनो युवकों के खिलाफ तहरीर सौंप दी है। दिनेशपुर पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर अमृत नगर नंबर 2 सुशांत तापाली तथा सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

## पेज एक का शेष...

**विपक्ष का संसद में ....**तो बस ट्रेलर था, असली पिक्चर बाकी है। पिछले एक महीने में इसका अंदाजा लगा है। नीट पेपर लीक से लेकर रद्द परीक्षाओं, राम मंदिर लीक, बिहार में पांच पुल टूटने, ट्रेन हादसों का जिक्र किया और विपक्ष के नेता ने कहा कि 20 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हो गए। सात साल में 70 पेपर लीक हुए और दो करोड़ नौजवानों का भविष्य बर्बाद हुआ है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं पर संघ और बीजेपी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर आपत्ति जताते हुए सभापति धनखड़ ने कहा कि आपके इस बयान को एक्सपंज करता हूं और इसका कारण भी बताता हूं। सभापति ने कहा कि क्या किसी संस्था का सदस्य होना अपराध है? अगर कोई संघ का सदस्य है तो वह कोई अपराध है क्या। दुनिया में सबसे ज्यादा उनमें योग्यता देख सकते हैं आप। नथिंग विल गो ऑन रिकॉर्ड। खड़गे ने कहा कि ये मनुवादी है। ये खतरनाक है। इस पर सभापति ने कहा-नथिंग विल गो ऑन रिकॉर्ड। खरगे ने कहा, यह देश के इतिहास में पहला चुनाव है,जिसमें देश की संविधा की रक्षा का मुद्दा बना। उनके कई नेताओं ने यह तक कहा कि भाजपा संविधान बदलेगी। यहां तक कि साल 2014 में तो भागवत जी ने भी कहा कि भाजपा संविधान बदलेगी। नेता प्रतिपक्ष ने तुरंत बयान को सही करते हुए कहा कि वह (मोहन भागवत) इस सदन का हिस्सा नहीं हैं, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। आप रिकॉर्ड से हटा दीजिए। इस पर धनखड़ ने फटकार लगाते हुए कहा, आप प्रतिपक्ष नेता के अलावा भी बहुत सम्मानित नेता हैं। आपने नाम भी ले लिया और कह रहे कि नाम भी नहीं लेना है। मैं रिकॉर्ड से नहीं हटाऊंगा। यह बहुत ही दुखद बात है। मैं इस पर आपत्ति जताता हूं। यह निंदा करने वाली बात है।

**राज्य कर कर्मचारियों ने ...**कर अधिकारी के पदों की कटौती कर,संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त के पदों में बढोत्तरी तथा राज्य करअधिकारी के पदों की कटौती समाप्ति की सम्भावनाओं का पुरजोर विरोध करते हुए घोर निन्दा की। रोषित कार्मिकों ने बताया गया कि राज्य कर अधिकारी के 50प्रतिशत पद तृतीय श्रेणी के कार्मिकों की पदोन्नति द्वारा भरे जाते रहे है। जिन्हें वर्तमान में कटौती/समाप्ति करने की कोशिश की जा रही है। धरना प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, शाखा मंत्री चन्द्र सेन, शाखा संरक्षक अरविन्द सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा एवं राकेश जखमोला, शेखर सिंह, दीपक राणा, हेमचन्द लोहनी, नीतीश कुमार, मौ. वसीम, किरन भण्डारी, कहकशा कुरेशी, सबा रानी, राजकुमार, लोकेश चन्द, जमील के साथ-साथ प्रान्तीय कार्यकारणी से विशाल अग्रवाल, एवं संजय उपाध्याय आदि शामिल थे।

**एक राज्य एक पंचायत चुनाव....**सिफारिश भारत सरकार के पास जमा कर दी है। उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं।प्रधानमंत्री की पहल को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव के सिद्धांत को लागू करना आवश्यक प्रतीत हो रहा है।वर्ष 2019 में गठित त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकाल में कोविड-19 महामारी के कारण दो वर्ष तक विकास कार्य के लिए कोई बजट नहीं आया। पंचायतों की बैठक तक नहीं हो पाई। इस कारण महामारी के इस दो वर्ष के कार्यकाल को पंचायतों के पांच वर्ष के कार्यकाल के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। उत्तराखंड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायतों का चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ कराए जाने हेतु राज्य तथा केंद्र सरकार आपस में समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल निर्णय लें। इस दौरान मनती देवी, मनीष राणा, अमरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, राधा देवी, कल्पना देवी, राकेश रस्तोगी, जगीर सिंह, देवेंद्र सिंह, सोंती देवी, रामपाल सिंह, प्रीति, मुकेश, अमित, नरेश, मोहिनी, सत्यप्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**व्यापार मंडल को कठपुतली.....**विधायक द्वारा जिस जिस चुनाव में भी हस्तक्षेप किया गया वहां पर संगठन के हमेशा दो फाड़ हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा, निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला द्वारा उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है तथा ज्ञापन में उक्त आरोप लगाए गए हैं जो कि व्यापारियों के हित में ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक व्यापार मंडल के चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न होने दें। उन्होंने कहा कि नगर व्यापार मंडल चुनाव समिति मतदाताओं की सूची को सार्वजनिक करें तथा व्यापारियों द्वारा की जा रही मांग को हल करें। प्रेस वार्ता में व्यापारी नेता प्रमोद ठुकरा मनमोहन सक्सेना, सेवा सिंह, पूरन भट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**निलंबित थानाध्यक्ष के खिलाफ...**कांग्रेस पार्टी में भारी रोष व्यापत है। कानून की समानता को ध्यान में रखते हुये युवा कॉंग्रेस की मॉग है कि उक्त अधिकारी के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से उसके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की जाये। अन्यथा युवा कॉंग्रेस द्वारा आंदोलन कर न्याय प्राप्त किया जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय समन्वयक सौरभ राज बेहड़, प्रदेश महासचिव निशांत शाही, राज सिद्धू, विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सागर, फरमान सिद्दीकी, इमरान सैफी, असलम, शुभम मेहरा, सन्नी जोहरी, अरविंद राठौर, आशू श्रीवास्तव, विपिन रस्तोगी, विपिन राजपूत, मोनू कश्यप, गुरजिंदर, विशाल, नीरज राजपूत, नाजिम, नाजिर, अरबाज आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS DAIKIN MITSUBISHI ELECTRIC AMSTRAD HITACHI Carrier SAMSUNG BLUE STAR IFB Whirlpool LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338